Seat No. : ______________

# MD-103(H)

**March-2019**

**B.Com., Sem.-V**

**CE-302(A) : Management Accounting-I**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (A) (i) प्रबन्धकीय लेखा-शास्त्र और वित्तीय लेखा-शास्त्र के बीच अन्तर समझाइए। **14**

(ii) प्रबन्धकीय लेखा-शास्त्र का महत्त्व संक्षिप्त में समझाइए।

**अथवा**

(i) प्रबन्धकीय लेखा-शास्त्र के औजारों और तकनीकों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **7**

(ii) महत्त्वपूर्ण वित्तीय विवरणों की सूची तैयार कीजिए और उनमें से किन्हीं दो की चर्चा कीजिए। **7**

(B) निम्न प्रश्नों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : (कोई **चार**) **4**

(1) प्रबन्धकीय लेखा-शास्त्र में निम्न में से किस औजार और तकनीकी का प्रयोग नहीं होता हैं ?

(a) प्रचालन लागत-निर्धारण (b) मानक लागत-निर्धारण

(c) सीमान्त लागत-निर्धारण (d) बजटीय नियंत्रण

(2) अपवाद द्वारा प्रबंध है _____

(a) प्रबंधकीय लेखा-शास्त्र का औजार

(b) वित्तीय विवरण तैयार करने की एक पद्धति

(c) लागत-निर्धारण पद्धति का एक भाग

(d) किसी प्रकार की लेखांकन पद्धति नहीं

(3) प्रबंधकीय लेखा-शास्त्र पद्धति के अनुसार तैयार विभिन्न प्रतिवेदनों को प्रस्तुत किया जाना चाहिए –

(a) प्रबन्ध के विभिन्न स्तरों को

(b) निवेशकों, लेनदारों, बेंकरों आदि को

(c) भारतीय स्टॉक एक्सचेंज को

(d) शेयरधारको को

(4) प्रबंधकीय लेखा–शास्त्र की पद्धति के मुख्य औजार और तकनीक में किस पद्धति का समावेश नहीं होता है ?

(a) इकाई लागत–निर्धारण (b) मानक लागत–निर्धारण

(c) ऐतिहासिक लागत–निर्धारण (d) सीमान्त लागत–निर्धारण

(5) प्रबंधकीय लेखा–शास्त्र में आंतरिक अंकेक्षण

(a) किया जाना स्वैच्छिक है ।

(b) सरकार द्वारा मनोनीत अंकेक्षक द्वारा किया जाना अनिवार्य है ।

(c) वर्ष में दो बार किया जाना अनिवार्य है ।

(d) वर्ष में एक बार किया जाना अनिवार्य है ।

(6) प्रबंधकीय लेखा–शास्त्र सर्वाधिक किसके लिए उपयोगी है ?

(a) प्रबन्धकों (b) निवेशकों

(c) लेनदारों (d) शेयरधारकों

2. (A) निम्न शेष विनय लिमिटेड की बहियों से लिए गए है : **14**

| **विवरण** | **रकम (₹)** |
|---|---|
| इक्विटी शेयर पूँजी (₹ 100 का एक) | 9,00,000 |
| 10% प्रेफ. शेयर पूँजी | 1,80,000 |
| सामान्य अनामत | 4,50,000 |
| 12% डिबेन्चर | 3,60,000 |
| स्थायी सम्पत्ति | 16,60,500 |
| स्टॉक | 90,000 |
| देनदार | 1,35,000 |
| प्राप्य विपत्र | 45,000 |
| रोकड़–बैंक शेष | 90,000 |
| लेनदार | 67,500 |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 45,000 |
| देय विपत्र | 18,000 |
| पेन्शन फण्ड | 4,500 |
| अवास्तविक सम्पत्ति | 4,500 |
| विक्रय (उधार विक्रय का ¼ रोकड़ विक्रय है) | 13,50,000 |

विक्रय पर सकल लाभ की दर 50% है और सकल लाभ पर प्रशासन, विक्रय और वित्तीय खर्च की दर 33⅓% है और आयकर की दर 50% है । वर्ष में 360 दिन मानते हुए निम्न अनुपातों की गणना कीजिए और कोष्ठक में दिए गए इण्डस्ट्रियल अनुपातों के साथ टिप्पणी कीजिए :

(i) चालू अनुपात (2.4 : 1)

(ii) देनदारों का अनुपात (50 दिन)

(iii) स्वामित्व अनुपात (70%)

(iv) प्रचालन अनुपात (70%)

(v) निवल लाभ अनुपात (15%)

(vi) लगाई पूँजी पर प्रतिफल (25%)

**अथवा**

(i) अनुपात विश्लेषण की सीमाएँ । **7**

(ii) बैलेंस शीट से सम्बन्धित किन्हीं चार अनुपातों को उदाहरण के साथ समझाइए । **7**

(B) निम्न प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए : (कोई **चार**) **4**

(1) एक कम्पनी प्रेफरेन्स शेयर पूँजी ₹ 60,000 हो तथा डिबेन्चर ₹ 40,000 के हो और इक्विटी शेयर पूँजी ₹ 4,00,000 की हो, तो पूँजी गियरिंग अनुपात निम्न अनुसार होगा :

(a) 25% (b) 5% (c) 15% (d) 10%

(2) एक कम्पनी का प्रचालन अनुपात 80% है, इसका विक्रय ₹ 40,00,000 है, विक्रय प्रतिफल ₹ 4,00,000 है । यदि प्रचालन खर्च ₹ 2,00,000 हैं, तो विक्रित माल की लागत ज्ञात कीजिए ।

(a) ₹ 26,80,000 (b) ₹ 12,40,000
(c) ₹ 14,40,000 (d) ₹ 26,50,000

(3) निम्न में से कौन सा अनुपात लाभप्रदता अनुपात नहीं है ?

(a) स्वामित्व अनुपात (b) प्रति शेयर कमाई
(c) प्रचालन अनुपात (d) खर्च अनुपात

(4) तरलता अनुपात की गणना करने के दौरान, कौन सी सम्पत्ति चालू सम्पत्ति में से छोड़ी जाएगी ?

(a) स्टॉक (b) देनदार (c) प्राप्य विपत्र (d) बैंक ओवरड्राफ्ट

(5) निवेश पर प्रतिफल की दर की गणना करने के दौरान किस सम्पत्ति को शामिल नहीं किया जाता है ?

(a) अवास्तविक (b) चालू (c) स्थिर (d) अदृश्य

(6) निम्न में से कौन सा लाभदायक अनुपात नहीं है ?

(a) गियरिंग अनुपात (b) संचालन अनुपात
(c) स्टॉक टर्नऑवर अनुपात (d) खर्च अनुपात

3. (A) माधव लिमिटेड की ता. 31-3-2017 और 31-3-2018 की बैलेंस शीट निम्नानुसार हैं : **14**

| देयताएँ | 31-3-2017 (₹) | 31-3-2018 (₹) | परिसम्पत्ति | 31-3-2017 (₹) | 31-3-2018 (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर, प्रत्येक ₹ 10 का | 4,00,000 | 8,00,000 | ख्याति | 1,20,000 | 1 ,00,000 |
| 10% रिडी. प्रेफ. शेयर प्रत्येक ₹ 10 का | 2,00,000 | – | भूमि–मकान | 5,20,000 | 3,96,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम | 60,000 | 50,000 | संयंत्र एवं मशीनरी | 3,60,000 | 4,72,000 |
| पूँजी अनामत | 40,000 | 75,000 | निवेश | 1,60,000 | – |
| सामान्य अनामत | 2,80,000 | 1,40,000 | स्टॉक | 2,00,000 | 1,80,000 |
| लाभ–हानि खाता | 70,000 | 1,10,000 | देनदार | 1,04,000 | 1,56,000 |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 50,000 | – | बैंक शेष | – | 1,81,000 |
| लेनदार | 40,000 | 60,000 | | | |
| सूचित डिविडन्ड | 80,000 | 90,000 | | | |
| कराधान के लिए प्रावधान | 44,000 | 60,000 | | | |
| 12% डिबेन्चर, प्रत्येक ₹ 100 का | 2,00,000 | 1,00,000 | | | |
| | **14,64,000** | **14,85,000** | | **14,64,000** | **14,85,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

ता. 31 मार्च, 2018 को समाप्त होते वर्ष के दौरान :

(1) निवेश उसकी विक्रय कीमत पर 20% लाभ मिले इस रीत से बेचे गए ।

(2) ₹ 1,60,000 की एक मशीनरी खरीदी ।

(3) वर्ष के दौरान कम्पनी में अधिनियम की जरूरी आवश्यकताओं को अनुपालन करते हुए रिडी. प्रेफरन्स शेयर 5% के प्रीमियम से मोचन किए । प्रेफरन्स शेयर के मोचन के लिए ₹ 2,00,000 पूँजी मोचन अनामत खाते में अन्तरित किए गए ।

(4) डिबेन्चरों का आधा प्रत्येक डिबेन्चर ₹ 95 के हिसाब से मोचन किया गया और डिबेन्चरों के मोचन पर लाभ को पूँजी अनामत खाते में अन्तरित किया गया ।

(5) ₹ 1,20,000 की मूल कीमत वाली जमीन, मकान जिसकी अपलिखित कीमत ₹ 80,000 है उसे ₹ 1,50,000 में बेचा गया । विक्रय पर हुए लाभ में से पूँजी लाभ को पूँजी लाभ को पूँजी अनामत खाते में और राजस्व लाभ को लाभ–हानि खाते में जमा किया गया ।

(6) वर्ष के दौरान कम्पनी प्रत्येक दो इक्विटी शेयर पर एक बोनस शेयर पूँजी मोचन रिजर्व में से वितरित किया ।

(7) गत वर्ष का कर ₹ 50,000 चुकाया और गत वर्ष का सूचित डिविडन्ड भी चुकाया ।

उपरोक्त सूचना से AS-3 के अनुसार रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए ।

**नोट :** सभी गणनाओं को प्रश्न के भाग के रूप में दर्शाइए ।

**अथवा**

(i) निधि प्रवाह विवरण और रोकड़ प्रवाह विवरण के बीच अन्तर समझाइए । **7**

(ii) रोकड़ प्रवाह विवरण की उपयोगिता बताइए । **7**

(B) निम्न प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) ता. 31-3-2017 को मशीनरी खाते पर मूल्यह्रास का शेष ₹ 5,60,000 था और ता. 31-3-2018 ₹ 6,00,000 था । वर्ष के दौरान ₹ 2,00,000 की मूल कीमत वाली मीशन, जिस पर एकत्र हुआ मूल्यह्रास ₹ 1,20,000 था, उसे ₹ 40,000 में बेचा गया ।
चालू वर्ष के दौरान लाभ–हानि खाते पर प्रभारित मूल्यह्रास की रकम दर्शाइए ।

(a) ₹ 1,60,000 (b) ₹ 80,000
(c) ₹ 40,000 (d) ₹ 1,20,000

(2) ता. 31-3-2017 का कराधान के लिए प्रावधान ₹ 90,000 था और ता. 31-3-2018 को ₹ 60,000 था । वर्ष के दौरान ₹ 50,000 आयकर चुकाया । चालू वर्ष के दौरान कराधान के लिए कितना प्रावधान किया जाना चाहिए ?

(a) ₹ 20,000 (b) ₹ 50,000
(c) ₹ 60,000 (d) ₹ 90,000

(3) निम्न में से कौन सी मद रोकड़ प्राप्ति की नहीं है ?

(a) ऋण और डिबेन्चर का पुनर्भुगतान
(b) प्रचालन लाभ अर्जन
(c) स्थायी सम्पत्ति अथवा निवेश का विक्रय
(d) उधार अथवा कोई दायित्व लेने से

(4) निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(a) चालू सम्पत्ति में वृद्धि होने से रोकड़ प्रवाह में कमी होती है ।

(b) चालू दायित्व में कमी होने से रोकड़ प्रवाह में कमी होती है ।

(c) चालू सम्पत्ति में कमी होने से रोकड़ प्रवाह में कमी होती है ।

(d) चालू सम्पत्ति में वृद्धि होने से रोकड़ प्रवाह में वृद्धी होती है ।

(5) निम्न कथन में से कौन सा सही नहीं हैं ?

(a) रोकड़ प्रवाह विवरण बनाते समय रोकड़ अथवा बैंक शेष को ध्यान में लिया जाएगा ।

(b) यदि चालू देयता में वृद्धि होती है, तो रोकड़ प्रवाह में वृद्धि होती है ।

(c) यदि चालू सम्पत्ति घटती है, तो रोकड़ प्रवाह में वृद्धि होती है ।

(d) यदि चालू सम्पत्ति में वृद्धि होती है तो रोकड़ प्रवाह में कमी होती है ।

4. (A) निम्न सूचना से मार्च 2018 से मई 2018 का रोकड़ बजट तैयार कीजिए : **14**

| **माह** | **विक्रय (₹)** | **अन्तिम स्टॉक (₹)** | **कुल परोक्ष खर्च (₹)** |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 2,00,000 | 25,000 | 30,000 |
| फरवरी | 2,50,000 | 37,500 | 37,500 |
| मार्च | 3,00,000 | 62,500 | 50,000 |
| अप्रैल | 4,00,000 | 75,000 | 45,000 |
| मई | 3,50,000 | 68,750 | 50,000 |
| जून | 3,75,000 | 62,500 | 37,500 |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) ता. 01-3-2018 को बैंक शेष ₹ 1,25,000

(2) अप्रैल 2018 में एक पुराना फर्निचर ₹ 75,000 में बेचा जाना है ।

(3) कुल विक्रय का 60% उधार विक्रय और 40% रोकड़ विक्रय मानिए ।

(4) क्रय रोकड़ में हैं ।

(5) लागत मूल्य पर $33\frac{1}{3}$ % लाभ मिले इस रीति से विक्रय करना है ।

(6) उधार विक्रय का 50% विक्रय के अगले महीने में और शेष 50% विक्रय के दूसरे महीन में मिलता है ।

(7) ₹ 25,000 आयकर अप्रैल, 2018 में चुकाया ।

(8) कुल परोक्ष खर्च में मासिक स्थिर परोक्ष खर्च ₹ 12,500 शामिल है, जिसका भुगतान उसी मास में होता है । चलित परोक्ष खर्च परवर्ती माह में चुकाए जाते हैं ।

(9) अप्रैल 2018 में ₹ 1,25,000 की एक नई मशीन खरीदी जानी है, जिसका भुगतान 80% डिलिवरी के समय और शेष रकम परवर्ती माह में चुकानी है ।

**अथवा**

(i) आकाश कम्पनी के विक्रय मैनेजर ऐसा बताते है कि वस्तु X का आगामी वर्ष का विक्रय 1,00,000 इकाई होगा । वस्तु X के उत्पादन के लिए M और N दो प्रकार के कच्चे माल की आवश्यकता है ।

इस वस्तु की प्रत्येक इकाई में M की दो इकाई तथा N की तीन इकाइयाँ आवश्यक हैं । आगामी वर्ष का आरम्भिक स्टॉक निम्न अनुसार आकलित किया गया है : **7**

तैयार माल : 20,000 इकाइयाँ

M : 24,000 इकाई, N : 30,000 इकाई

अन्तिम स्टॉक निम्न अनुसार होना चाहिए :

तैयार माल : 28,000 इकाइयाँ

M : 26,000 इकाई

N : 32,000 इकाई

ऊपर दी गई जानकारी से माल–सामान खरीद बजट तैयार कीजिए ।

(ii) बजटीय नियंत्रण को परिभाषित कीजिए और इसके लाभ बताइए । **7**

(B) निम्न प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) एक कम्पनी का अगले वर्ष के लिए माल–सामान बजट निम्नानुसार है :

विक्रय 21,000 इकाइयाँ, उत्पादन 21,600 इकाइयाँ, माल–सामान का आरम्भिक स्टॉक 1,200 kg, माल–सामान का अन्तिम स्टॉरक 1,500 kg, प्रयोग : 3 kg प्रति इकाई

उपरोक्त जानकारी से आगामी समय माल–सामान खरीद बजट निम्नानुसार है ।

(a) 65,100 kg (b) 64,500 kg

(c) 63,300 kg (d) 62,700 kg

(2) खरीदी बजट के अनुसार माल–सामान खरीद =

(a) उत्पादन के लिए आवश्यक माल–सामान + अन्तिम स्टॉक – आरम्भिक स्टॉक

(b) उत्पादन के लिए आवश्यक माल–सामान + आरम्भिक स्टॉक – अन्तिम स्टॉक

(c) उत्पादन के लिए आवश्यक माल–सामान

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(3) रोकड़ बजट के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(a) यह खर्चीली होने से छोटी फर्में इसे अपना नहीं सकती ।

(b) इसके कारण रोकड़ व्यवस्था कब करनी है यह निर्णय करना सम्भव नहीं है ।

(c) पूँजी बजट योजना तैयार करने में यह उपयोगी नहीं है ।

(d) रोकड़ प्राप्ति और भुगतान का आकलन मुश्किल नहीं है ।

(4) निम्न में से कौन सा बजटन का उद्देश्य नहीं है ?

(a) नित्यक्रम के खर्चों के लिए मंजूरी आवश्यक है ।

(b) यह आंतरिक सेवाओं के लिए कीमतें निर्णित करता है ।

(c) यह प्रबन्धन की नीतियों को अधीनस्थों को प्रेषित करता है ।

(d) बजटन अग्रिम आयोजन पर बल देता है ।

(5) निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(a) बजट में आगामी अवधि के लिए मात्रात्मक और मौद्रिक आँकड़े दिए जाते हैं ।

(b) बजट गत वर्ष के आँकड़ों के आधार पर चालू वर्ष के लिए आकलन रखने की व्यवस्था है ।

(c) बजट तैयार करने का नाम केवल लेखाकार का है ।

(d) बजट में केवल मात्रात्मक आँकड़े दिए जाते है ।